

## एक नजर में


### इसी अवधि में गत वर्ष हुई 929 .0 मिमी औसत वर्षा

**नर्मदापुरम** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 20 अगस्त को प्रात: 8 बजे तक जिले में 994 .6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 929 .0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 19 अगस्त से 20 अगस्?त 2025 को प्रात- 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 22 .6 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 11 .0 मिलीमीटर, इटारसी में 47 .2 मिलीमीटर, माखननगर में 32 .0 मिमी, सोहागपुर में 8 .0 मिलीमीटर, पिपरिया में 5 .2 मिलीमीटर, बनखेडी में 9 .4 मिलीमीटर, पचमढी में 20 .2 एवं तहसील डोलरिया 27 .2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 938 .80 फीट है, तवा जलाशय का 1164 .27 फीट है, बरगी जलाशय का 420 .25 मीटर एवं बारना जलाशय 347 .62 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 .00 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 .00 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422 .76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348 .55 मीटर है।

# मुझे भ्रमित कर करवाए हस्ताक्षर –आठनेरे

## अविश्वास प्रस्ताव पर आगे की कार्यवाही के लिये कलेक्टर ने एसडीएम को सौंपी जिम्मेदारी




नगर परिषद, खिरकिया जिला– हरदा (म. प्र.)



**नवभारत न्यूज**

**खिरकिया, 20 अगस्त** नगर राजनीति मैं आज फिर हड़कंप मच गया मामला वही नप अध्यक्ष इंद्रजीत कौर महेंद्र सिह खनूजा के खिलाफ समर्थन वापसी का इस मामले में किरण आठनेरे ने आज एक पत्र कांग्रेस जिला अध्यक्ष को सौपा और उसकी प्रति मीडिया में जारी की उसमें किरण नरेंद्र अठनेरे ने कहा की वार्ड क्रमांक 03 से कांग्रेस समर्थित पार्षद, यह स्पष्ट करना चाहती हूँ कि मेरी निष्ठा और आस्था सदैव से कांग्रेस पार्टी के साथ रही है और भविष्य में भी रहेगी। कांग्रेस संगठन ने मुझ पर विश्वास जताकर मुझे नेता प्रतिपक्ष, नगर परिषद खिरकिया की जिम्मेदारी सौंपी है। किंतु कुछ पार्षदों ने मुझे भ्रमित कर तथा दबाव बनाकर दिनांक 19 अगस्त 2025 को अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर मेरे हस्ताक्षर करवा लिए। यह हस्ताक्षर मेरी स्वतंत्र इच्छा से नहीं किए गए थे ।मैं स्पष्ट करना चाहती हूँ कि मेरी ना तो वर्तमान अध्यक्ष को हटाने की कोई मंशा थी, और ना ही किसी विशेष व्यक्ति को अध्यक्ष बनाने की कोई योजना या उद्देश्य था। हाँ, इतना अवश्य कहना चाहती हूँ कि यदि अध्यक्ष पद पर कभी परिवर्तन होता तो मेरी भावना केवल यही रहती कि कांग्रेस समर्थित पार्षद ही अध्यक्ष बने, न कि भाजपा का कोई सदस्य। भाजपा पार्षदों के साथ मिलकर अध्यक्ष को हटाने अथवा किसी भी प्रकार की साजिश में मेरी कोई भूमिका नहीं रही है और न ही भविष्य में कभी होगी। अत: मैं अपने संगठन और जनता के समक्ष यह घोषणा करती हूँ कि अविश्वास प्रस्ताव से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। मेरे हस्ताक्षर को दबाव में लिया गया मानते हुए अमान्य समझा जाए। मैं कांग्रेस पार्टी की सिपाही हूँ और सदैव कांग्रेस संगठन के निर्णयों और पार्टी की नीतियों के अनुरूप ही खड़ी रहूँगी। किरण आठनेरे के इस पत्र के बाद यह तो स्पस्ट हो गया की भाजपा में अंदर ही अंदर खिचड़ी पक रही हे । बरहाल मामला अब जो भी हो नगर में इस नाटकीय घटनाक्रम के बाद कई प्रकार से कयास लगाय जा रहे हे वही इन सब घटनाक्रम के चलते नगर सरकार भी लोगो की सेवा में पिछड़ रही हे । अब देखना यह दिलचस्प होगा की भाजपा संगठन इस पुरे घटनाक्रम पर कया एक्शन लेगा क्योंकि इससे भाजपा की साख ख़राब हो रही हे । बिना किसी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते नप अध्यक्ष इंद्रजीत कौर कई बार यह बोल चुकी हे की मे पूरी ईमानदारी से जो संसाधन या जितना फंड हे उसमे अच्छे से अच्छा काम नगर में कर रही हूँ उसके बाद भी मेरे को हटाने की माँग हे तो मेरी गलती कया यह तो बताया जाय , वही नगर में अब चोक चोराहो पर आमजन और नगर की राजनीति में पुराने समय से अपना रसूख रख सक्रिय राजनीति करने वाले वरिष्ठ जन यह बात कर रहे हे की भाजपा पर लोगो ने भरोसा कर नगर के विकास के लिय उनको चुना था पर यहाँ तो कुर्सी की लड़ाई आपस में हो रही , जितना प्रयास अध्यक्ष को हटाने के लिय कुछ पार्षद मिल कर रहे हे उतना प्रयास फंड की कमी दूर करने के लिय करते तो नगर का विकास होता और जो पार्षद यह आरोप लगा रहे की काम नहीं हो रहे तो वो काम करवाने में मदद करते । भाजपा का नारा कैसे साबित होगा यदि ऐसे कुर्सी की लड़ाई लड़ते रहे तो । वही दूसरी और कल के पार्षदों द्वारा सीएमओ को पत्र सोपा था जिला प्रशासन द्वारा उसको प्रोसिडिंग में ले लिया हे । जानकारी के अनुसार हरदा क्लेक्टर द्वारा अग्रिम कार्यवाही के लिय खिरकिया एस डी एम को साक्ष संपाधिकारी बनाया है.

इनका कहना है कि

कलेक्टर महोदय द्वारा नप में अविश्वास प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही के लीय आज मेरे को नियुक्त किया हे ।नियमानुसार आगे कार्यवाही की जायेगी ।

सुश्री शिवांगी बघेल

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व

खिरकिया

# एमजीएम कॉलेज में लगा रोजगार मेला, 329 छात्र-छात्राएं लाभान्वित



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 20 अगस्त** शासकीय एमजीएम कॉलेज में लगे जिला स्तरीय रोजगार मेला में कुल 329 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए हैं। 17 निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने वाली कंपनी एवं स्वरोजगार दिलाने वाले 8 विभाग उपस्थित रहे। कुल 728 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे जिसमें से 267 को प्राथमिकता स्तर पर चयनित किया। स्वरोजगार योजनांतर्गत 63 लोगों को लाभान्वित किया। स्वास्थ्य विभाग ने स्टॉल लगाया इसमें 151 छात्र-छात्राओं की जांच की गई। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा के निर्देशन में शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य भवन में आज 11 बजे से 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला लगा। विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए तथा रोजगार प्रदान करने 17 से अधिक कंपनियां आए। कैरियर मार्गदर्शन हेतु विभिन्न शासकीय विभागों के स्टाल लगाए। प्राचार्य डॉ राकेश मेहता ने मेले का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टी प्रतीक राव, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन, प्रकाश इंडोले, महाप्रबंधक डीआईसी, डॉ. श्याम कुमार जिला रोजगार अधिकारी ने मेले में लगे स्टाल्स का भ्रमण किया एवं जिला रोजगार प्लेसमेंट धर्मेश तिवारी उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी टी प्रतीक राव ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन का स्मार्टली इस्तेमाल करते हुए अपने संप्रेषण कौशल को बढ़ाने हेतु प्रेरित किया।

## स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई

**माखन नगर, 20 अगस्त** ब्लॉक सेवा दल माखन नगर के तत्वावधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई, उपस्थित अतिथियों ने राजीव जी के चित्र माल्यार्पण किया एवं उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर जिला सेवा दल के अध्यक्ष अमित गुप्ता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र मुराडिया सुहागपुर विधानसभा के प्रत्याशी भाई पुष्पराज पटेल ब्लॉक सेवा दल अध्यक्ष सुबोध दुबे गौरी शंकर यादव हरिशंकर पटेल राजेश पटेल सुमन चौधरी भरत जी पटेल प्रदीप शर्मा लीलाधर यादव राकेश मोहन राजपूत शेखर राजपूत सोनू दुबे कमलेश मेहरा आशीष मुराडिया शिवम् अहिरवार गोलू यादवआदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन रमन शुक्ला ने किया एवं आभार व्यक्त सुबोध दुबे द्वारा किया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर हुआ पौधारोपण,ली सद्भावना की शपथ

**नर्मदापुरम** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर नर्मदापुरम के



कांग्रेसजनो द्वारा स्थानीय अटल पार्क मे वृक्षारोपण किया गया।कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया,तत्पश्चात राजीव गांधी को श्रद्धांजली अर्पित की गई ।श्रद्धांजलि सभा के दौरान समस्त कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के व्यक्तित्त्व पर अपने विचार रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।इसके बाद सभी ने सद्भावना की शपथ ली,कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से चन्द्रगोपाल मलैया, राजेंद्र दोहरे,धर्मेंद्र तिवारी, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष फैजान उल ह,संतोष दाऊ, राकेश शर्मा,अनोखी राजोरिया,रिजवान खान, गुलाम मुस्ता,मधुसूदन यादव,अजय दुबे,के राजपूत, कुलदीप राठौर,कुलदीप मिश्रा,दीप सिसोदिया,अन्नू मलैया,सुनील चौहान,आंनद थापक,गुमान मंडले,लखन रघुवंशी,प्रोफेसर आशीष, धीरज बहुत्रा,रामगोपाल मालवीय,सलीम खान,शेख पप्पू,नसीम कुरैशी,कपिल यादव,सिराज खान, सिद्दीकी आदि उपस्तिथ रहे।

## जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

नर्मदापुरम जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष शुभम बलिया के द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती के उपलक्ष में इटारसी नगर के स्थानीय सुहाग मैरिज हाल में एक श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें इटारसी नगर के समस्त यंग क्रिकेट के पदाधिकारी की उपस्थिति के साथ मुख्य वक्ता के रूप में नर्मदा पुरम जिला कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवि किशोर जयसवाल तथा मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अधिवक्ता हरि नारायण स्थापक के द्वारा उद्बोधन दिए गए जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं स्वर्गीय राजीव गांधी जी के द्वारा किए गए कार्य और उपलब्धियां को भी बताया , जिसमें पंचायती राज और सूचना क्रांति के जनक एवं आधुनिक भारत के निर्माता, कहे जाने वाले राजीव गांधी जी के बलिदान को याद कर नम आंखों से सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए , संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अजय अहिरवार के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम संयोजक सेवा दल यंग ब्रिगेड नर्मदा पुरम जिला अध्यक्ष शुभम बलिया के द्वारा सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं एवं महिला शक्ति, पार्षद गण का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रवि किशोर जायसवाल, मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी,शुभम वालिया, महिला कांग्रेस इटारसी नगर अध्यक्ष नेहा चावरे, पार्षद सीमा भदोरिया पार्षद दिलीप गोस्वामी पार्षद प्रतिनिधि अरविंद चंद्रवंशी लाली सलूजा प्रवीण गांधी मुकेश गांधी आदि उपस्थित थे

## कांग्रेस परिवार ने राजीव गांधीजी की जयंती मनाई

**खिरकिया** ।कांग्रेस परिवार ने राजीव गांधीजी की 81 वी जयंती पर उन्हें समरण किया नप में विधायक प्रतिनिधि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय जी चौहान के प्रतिष्ठान पर सादगी पूर्वक कार्यक्रम आयोजित कर राजीव गांधी की जन्म जयंती मनाई ।इस अवसर पर कांग्रेस जनों द्वारा राजीव गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष कोठरी ने कहा दूरदर्शी व प्रतिभावान व्यक्तित्व के धनी देश की युवा पीढ़ी के आदर्श रहे हे राजीव गांधी वही उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश को नई दिशा और मजबूती प्रदान की हे ।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान, संजय मिश्रा , विष्णु मोरी ,बंटी वर्मा ,सुनील राजपूत ,प्रवीण पाटिल ,पूनम सेजकर सहित अन्य लोग उपास्तित रहे।

## मुस्कान के द्वारा शिक्षण की व्यवस्था की

**पिपरिया** शिक्षको को डिजिटल भविष्य के लिये तैयार करने बच्चो को सिखाने योग्य बनाने और भविष्य में निपुण बनाने के लिये चयनीत शालाओ में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा इंटरेक्टिव के माध्यम से मुस्कान ड्रीम्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत शिक्षण की व्यवस्था की गई है। मुस्कान ड्रीम्स प्रोजेक्ट के द्वारा कक्षा 6 से 10 तक की कक्षाओं का विज्ञान एवं गणित विषय का शिक्षण की व्यवस्था की गई है जिसका आनलाइन रिकार्ड सीधे राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संधारित एवं मानिटर किया जावेगा। डीपीसी राजेश जायसवाल के निर्देश पर यह हुआ.

# अपने-अपने चबूतरों को स्वयं हटाएं या नपा को हटाने दें - चौरे

**नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया वार्डों का दौरा**

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 20 अगस्त 2025** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज दोपहर वार्ड क्रमांक 33 का दौरा किया। उनके साथ पार्षद प्रतिनिधि रमेश धूरिया भी मौजूद रहे।

इस दौरान अध्यक्ष चौरे ने वार्ड में निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड में बन रही नालियों का भी जायजा लिया। इस



मौके पर उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने चबूतरों को स्वयं हटाएं या फिर नगरपालिका को हटाने दें, जिससे सड़क की चौड़ाई सुनिश्चित की जा सके और विकास कार्य बाधित न हों। इससे पूर्व आज सुबह नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मालवीय गंज मुख्य मार्ग स्थित विश्वकर्मा मंदिर के सामने जलभराव की समस्या का समाधान किया। वे सुबह 8 बजे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटवाकर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की। अध्यक्ष चौरे ने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।

## हाईस्कूल अब बना हायर सेकेंडरी स्कूल

**नवभारत न्यूज**

**बनखेड़ी।** क्षेत्रवासियों के लिए हर्ष और गर्व का विषय है कि शासकीय पी. एम. श्री हाईस्कूल माल्हनवाड़ा को उन्नयन कर अब हायर सेकेण्डरी विद्यालय का दर्जा प्राप्त हो गया है। 1992 में यहां हाइ स्कूल प्रारंभ हुआ था इसके लिए तत्कालीन युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मकरन सिंह पटेल हरगोविंद मालवीय,दामोदर मेहर कारेलाल मेहरा , तत्कालीन भाजपा मंडल अध्यक्ष हरि बिसानी के अथक प्रयासों से प्रारंभ हुआ था हाई स्कूल ,स्कूल का उद्घाटन तत्कालीन विधायक मुरलीधर माहेश्वरी सांसद सरताज सिंह राजस्व राज्य मंत्री मधुकरराव हरने ने किया था, क्षेत्र के लोगों को अब यहां कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई सुगमता से संचालित हो सकेगी। ज्ञात हो कि क्षेत्रवासी लंबे समय से विद्यालय को हायर सेकेण्डरी में उन्नत करने की मांग कर रहे थे, जो अब जाकर पूरी हो पाई है। नर्मदापुरम जिला समेत नरसिंहपुर जिला के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ यह गांव नर्मदापुरम की अंतिम सीमा पर है यहां पास में नरसिंहपुर जिले के गांव भी लगे है

## राईखेडी में नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजित

**पिपरिया.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र द्वारा शासकीय हाई स्कूल राईखेडी में नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय हाई स्कूल राईखेडी में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया इसके अंतर्गत सभी बच्चों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों और होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया। अपने जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

## छात्राओं को दिलाई सद्भावना दिवस पर शपथ

**शासकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया सद्भावना दिवस**

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 20 अगस्त** सिवनी मालवा शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सद्भावना दिवस का आयोजन किया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे द्वारा बताया गया कि 20 अगस्त को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भरतरत्न राजीव गांधी का जन्म दिवस है, जिसे सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। सद्भावना दिवस का उद्देश्य समाज में शांति, एकता, राष्ट्रीय अखंडता, भाईचारा और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देना है। यह दिवस हमें संदेश देता है कि भारत की विविधता ही हमारी शक्ति है और हमें बिना किसी भेदभाव के एक दूसरे के साथ सद्भावना से रहना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कु. आकांक्षा पाण्डेय ने सभी छात्राओं को सद्भावना दिवस की बधाई दी। डॉ. गजेंद्र वाईकर द्वारा सभी को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी शैक्षणिक स्टाफ उपस्थित था

## पूर्व प्राचार्य का निधन

**हण्डिया 20 अगस्त** नगर के शिक्षाविद व हंडिया मा.शा के पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्री एस एस खन्ना जी का मंगलवार को इन्दौर उनके निज निवास में दुखद देवलोक गमन हो गया। माँ नर्मदा एवं श्री हरि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे तथा उनके परिवार को इस दुख भरी घड़ी में शक्ति प्रदान करें। श्री खन्ना जी का, पार्थिव शरीर उनके हंडिया स्थित निवास से नर्मदा के गुर्जर आश्रम मुक्ति धाम के लिए उनकी अन्तिम यात्रा निकलीं। इस यात्रा में नगर के सामाजिक बन्धु गणमान्य नागरिक गण, पत्रकार, शिक्षविद, अधिकारी वर्ग शामिल हुए।

# पैसे को लेकर उपसरपंच एवं सचिव आपस में भिड़े

**ई-केवाईसी की प्रक्रिया के दौरान पंचायत उप सरपंच रुपये की मांग करने लगे।**

**नवभारत न्यूज**

**सिराली, 20 अगस्त** बुधवार को ग्राम पंचायत पिपलिया में उप सरपंच और सचिव के बीच विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। ज्ञापन के अनुसार पंचायत सचिव प्रेम नारायण राठौर अपने शासकीय कार्य ई-केवाईसी की प्रक्रिया कर रहे थे। इसी दौरान पंचायत उप सरपंच मनोहरी मालवीय वहां पहुंचे और रुपये की मांग करने लगे। सचिव द्वारा इनकार करने पर उप सरपंच ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। घटना में सचिव घायल हो गए, जिन्हें सरपंच एवं ग्रामीण तत्काल सिराली थाने लेकर पहुंचे। थाना प्रभारी को शिकायत दर्ज कराने के बाद घायल सचिव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराली लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हरदा जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, घटना से नाराज सचिव संघ के सदस्यों ने थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उप सरपंच मनोहरी मालवीय के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

सचिव संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती तो संघ आंदोलनात्मक कदम उठाने पर मजबूर होगा। वहीं, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और कहा है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हरदा डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेन्ट 24 को

**हरदा** – जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा डिस्ट्रिक्ट रेपिड चेस टूर्नामेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। ब्लाक समन्वयक सुश्री सलमा खान ने बताया कि यह टूर्नामेन्ट 24 अगस्त को प्रात: 9 बजे से द फाउण्डेशन ऑफ एजुकेशन स्कूल, छीपानेर रोड हरदा में आयोजित किया गया है। टूर्नामेन्ट में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन मुख्य अतिथि तथा पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे। टूर्नामेन्ट में भाग लेने के इच्छुक खिलाडी 23 अगस्त शाम 7 बजे तक अपना पंजीयन करा सकते है।

# चौबीस घंटे में आरोपी को पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सिराली।** थाना सिराली पुलिस ने एक गंभीर प्रकरण में महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर क्षेत्र में अपनी सक्रियता और सजगता का प्रमाण पेश किया है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक रामसुमेर तिवारी के नेतृत्व में की गई, जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार थाना सिराली क्षेत्र के ग्राम विक्रमपुरखुर्द निवासी राकेश बारेला ने 14 अगस्त को आत्महत्या कर ली थी। इस घटना पर पुलिस ने 15 अगस्त को मर्ग क्रमांक 34/25 धारा 194 बीएनएसएस कायम किया। जांच के दौरान मृतक की पत्नी रीना बारेला ने महिला उपनिरीक्षक को दिए गए बयान में बड़ा खुलासा किया। उसने बताया कि उसका परिचय करीब दो साल पहले ग्राम बेड़ियाखुर्द निवासी सत्यनारायण मीणा से हुआ था। जब उसका पति महाराष्ट्र मजदूरी करने गया हुआ था, तब सत्यनारायण ने उसे और बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर एक साल तक दुष्कर्म किया। पत्नी ने जब यह घटना अपने पति राकेश को बताई तो उसने आरोपी से बात करने की कोशिश की। इसी दौरान सत्यनारायण और उसके भाई प्रेमनारायण ने राकेश व उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। लगातार मिल रही धमकियों से आहत होकर राकेश ने 14 अगस्त को गांव में बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

## अधिक किराया वसूलने पर हुई चालानी कार्यवाही

हरदा, 20 अगस्त कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर हरदा जिले के विभिन्न मार्गो पर विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में यात्रियों से अधिक किराया वसूल करने पर लाहिया एवं यादव बस ट्रेवल्स की बसों पर चालानी कार्यवाही की गई।

# आंवली घाट पर पांडव नर्मदा स्नान कर दोषमुक्त हुए – पं . शर्मा

**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 20 अगस्त** सिवनी मालवा की उपनगरी बानापुरा महेश कॉलोनी में सप्तदिवसीय संगीतमय नर्मदा महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ और शिव अभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। नर्मदा महापुराण के पंचम दिवस प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विद्याधर शर्मा ने नर्मदा के विभिन्न तटों का महत्व विस्तार से बताया। सैंक ?ों भक्तों ने नर्मदा के घाटों का महत्व और नर्मदा भजनों का रसपान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

पंडित विद्याधर शर्मा ने रिददेश्वर महादेव, बुलबुला कुंड, विमलेश्वर महादेव का महत्व बतलाते हुए महादेव की अनेकों कथाओं को सुनाया। उन्होंने नर्मदा



के विभिन्न घाटों का महत्व बताते हुए जटेश्वर महाराज का वर्णन किया। नर्मदा के अनेक तटों का वर्णन करते हुए होशंगाबाद से खोकसर आंबलीघाट का भी वर्णन किया। पंडित विद्याधर शर्मा ने बताया कि नर्मदा के भव्य और भी घाट है परन्तु आंबलीघाट का विशेष महत्व है। आंबलीघाट का पौराणिक महत्त्व है। आंबलीघाट पर हर अमावस्या एवं पूर्णिमा पर हजारों की तादात में दूर-दूर के लोग माँ नर्मदा में डुवकी लगाकर आत्म शान्ति पाते है। आंबलीघाट में हथेड नदी हत्याहारिण नदी ओर नर्मदा नदी का संगम स्थल है। नर्मदा के किसी भी घाट पर कही भी दर्शन मात्र से लाभ प्राप्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि महाभारत युग में पांडवों की तपस्या स्थली तथा बनवास के समय उन्होंने यहाँ 12 वर्ष निवास किया था। पांडव कौरवों की मृत्यु पश्चात कुटुम्व पर लगे दोष दूर करने आए थे। कुंती को कुल ?ा कुंतीपुर में ठहराया और द्रोपती से रुक्मडी मिलने आई थी। लक्ष्मीकुंड पर रूखमणीजी नर्मदाजी से मिलनें गई थी। यहॉ से पूर्व में कुंतीपुर नगर एवं हस्तिनापुर नगर जो कि वर्तमान में कुंतीपुर कूल्हडा और हस्तिनापुर हथनापुर के नाम से प्रसिद्ध है। पंडित विद्याधर शर्मा ने बताया कि नर्मदा तट पर अनेक ऋषि मुनि, संत, तपस्वी आते हे आते थे और आते रहेंगे।

## जनसुनवाई में 10 आवेदन आये

**पिपरिया** जनसुनवाई में 10 आवेदन आये निराकरण हेतु संबंधित विभागो को तहसीलदार ने आवेदनो को भेजा ।तहसील में लगी जनसुनवाई में गरीबी रेखा में नाम जोडने दुर्गाप्रसाद ग्राम खैरूआ, हरिशंकर घोघरी, सीताराम घोघरी ने आवेदन दिये। मनीष विश्वकर्मा व अन्य व्हीव्ही गिरीवार्ड के निवासियों ने रोड पर से सूखा पेड़ कटवाने आवेदन दिया। समनापुर ग्राम के श्रवण गोस्वामी ने ग्राम समनापुर में स्थित भूमि का आज दिनांक तक सीमाकंन नही किये जाने व अतिक्रमण को लेक र आवेदन देकर तत्काल ध्यान देने की मांग की।